99. Two forces, one of 3 newton and another of 4 newton are applied on a standard 1 kg body, placed on a horizontal and frictionless surface, simultaneously along the x-axis and the y-axis, respectively, as shown below:




   The magnitude of the resultant acceleration is:
   (a) 7 $m/s^2$
   (b) 1 $m/s^2$
   (c) 5 $m/s^2$
   (d) $\sqrt{7}$ $m/s^2$

100. Magnetic meridian is an imaginary:
   (a) line along north-south
   (b) point
   (c) vertical plane
   (d) horizontal plane

101. An up fold in rock is:
   (a) graben
   (b) horse
   (c) anticline
   (d) syncline



(Contd.)

94. निम्नलिखित में से कौनसा एक, स्थलमण्डल का वर्णन करता है ?

(a) ऊपरी और निम्न प्रावार (मैंटल)

(b) पर्पटी और ऊपरी प्रावार

(c) पर्पटी और क्रोड

(d) प्रावार और क्रोड

95. भारी जल के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों में कौनसे सही हैं ?

1. नाभिकीय रियेक्टरों में विमंदक के रूप में इसका व्यापक रूप से प्रयोग होता है

2. इसका प्रयोग अभिक्रिया क्रियाविधि के अध्ययन के लिए विनिमय अभिक्रिया में नहीं किया जा सकता

3. भारी जल की श्यानता, सामान्य जल की श्यानता की अपेक्षा कम होती है

4. भारी जल का परावैद्युतांक, सामान्य जल के परावैद्युतांक से कम होता है

नीचे दिये गये कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

(a) 1 और 2

(b) 2 और 3

(c) 3 और 4

(d) 1 और 4

96. कणों के मध्य संघट्ट में संवेग का संरक्षण किसके आधार पर समझा जा सकता है ?

(a) न्यूटन का गति का प्रथम नियम

(b) न्यूटन का गति का केवल द्वितीय नियम

(c) न्यूटन का गति का द्वितीय नियम और न्यूटन की गति का तृतीय नियम, दोनों

(d) ऊर्जा का संरक्षण

97. निम्नलिखित कथनों में कौनसा एक सही ***नहीं*** है ?

(a) विषुवत वृत्त से ध्रुवों की ओर तापमान घटता जाता है

(b) विषुवतीय क्षेत्रों में जनवरी से जुलाई के बीच तापमान में भारी बदलाव होते हैं

(c) उप उत्तर ध्रुवीय और उत्तर ध्रुवीय प्रदेशों में अवस्थित वृहत् भू संहतियों में शीतऋतु में अत्यंत कम तापमान के केंद्र विकसित होते हैं

(d) उच्च भूमियाँ, सदैव आस-पास की निम्न भूमियों से ठण्डी होती हैं

98. धातुओं को एकसाथ वेल्ड करने के लिए उच्च ताप की आवश्यकता होती है। ऐसा उच्च तापमान किसके दहन से प्राप्त होता है ?


(a) ऑक्सीजन में ऐसीटिलीन

(b) ऑक्सीजन में एल पी जी

(c) ऑक्सीजन में मेथैन

(d) नाइट्रोजन में ऐसीटिलीन

99. किसी क्षैतिज और घर्षण रहित सतह पर रखे किसी मानक 1 kg के पिंड पर 3 न्यूटन और 4 न्यूटन के दो बल क्रमश: x-अक्ष और y-अक्ष के अनुदिश एक साथ लग रहे हैं, जैसा कि नीचे चित्र में दर्शाया गया है:




परिणामी त्वरण का परिमाण क्या है ?

(a) 7 m/s$^2$

(b) 1 m/s$^2$

(c) 5 m/s$^2$

(d) $\sqrt{7}$ m/s$^2$

100. चुंबकीय याम्योत्तर:

(a) उत्तर-दक्षिण के अनुदिश काल्पनिक रेखा है

(b) काल्पनिक बिन्दु है

(c) काल्पनिक ऊर्ध्वाधर तल है

(d) काल्पनिक क्षैतिज तल है

101. शैल में उद्वलन क्या होता है ?

(a) द्रोणिका (ग्राबेन)

(b) अंतस्थ खंड (हॉर्स्ट)

(c) अपनति

(d) अभिनति



(Contd.)

102. Which one of the following gases is found in highest quantity in Exosphere?

(a) Hydrogen

(b) Helium

(c) Nitrogen

(d) Oxygen

103. In blood, platelets are required for:

(a) transporting oxygen

(b) transporting carbon dioxide

(c) initiating blood clotting

(d) initiating degradation of urea

104. In SI unit of force 'Newton' (N) is given by (where m stands for metre and s stands for second):

(a) 1 N = 1 kg/ms$^2$

(b) 1 N = 1 kgm/s$^2$

(c) 1 N = 1 kg s$^2$/m

(d) 1 N = 1 kg m s$^2$

105. The acceleration due to gravity 'g' for objects on or near the surface of earth is related to the universal gravitational constant 'G' as ('M' is the mass of the earth and 'R' is its radius):

(a) $G = g\frac{M}{R^2}$

(b) $g = G\frac{M}{R^2}$

(c) $M = \frac{gG}{R^2}$

(d) $R = \frac{gG}{M^2}$

106. Match List I with List II and select the correct answer using the code given below the Lists:

| List I *(Low-Latitude Climate)* | List II *(Characteristic)* |
|---|---|
| A. Wet Equatorial | 1. Uniform temperatures, mean near 27 °C |
| B. Monsoon and trade wind coastal | 2. Marked temperature cycle with very high temperature before the rainy season |
| C. Wet-dry tropical | 3. Temperatures show an annual cycle with high temperature in the high-Sun season |
| D. Dry tropical | 4. Strong temperature cycle, with intense temperature during high-Sun season |

***Code:***

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| (b) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (c) | 2 | 4 | 3 | 1 |
| (d) | 1 | 3 | 2 | 4 |

107. Match List I with List II and select the correct answer using the code given below the Lists:

| List I *(Element)* | List II *(Use)* |
|---|---|
| A. Li | 1. Time keeper in atomic clocks |
| B. Na | 2. Batteries |
| C. K | 3. Transfer of nerve impulses |
| D. Cs | 4. Control of the water content in the blood |

***Code:***

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| (b) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (c) | 2 | 4 | 3 | 1 |
| (d) | 1 | 3 | 2 | 4 |



(Contd.)

102. बहिर्मंडल में, निम्नलिखित गैसों में से कौनसी एक, अधिकतम मात्रा में पायी जाती है ?

(a) हाइड्रोजन

(b) हीलियम

(c) नाइट्रोजन

(d) ऑक्सीजन

103. रक्त में, बिम्बाणु किसके लिए आवश्यक होते हैं ?

(a) ऑक्सीजन-वहन

(b) कार्बन डाइऑक्साइड-वहन

(c) रक्त का थक्का बनने की शुरुआत करना

(d) यूरिया के निम्नीकरण (डीग्रेडेशन) की शुरुआत करना

104. बल के SI मात्रक 'न्यूटन' (N) को निम्नलिखित में से किसके द्वारा व्यक्त किया जा सकता है ? (जहाँ m का अर्थ मीटर और s का अर्थ सेकण्ड है):

(a) $1 \text{ N} = 1 \text{ kg/ms}^2$

(b) $1 \text{ N} = 1 \text{ kgm/s}^2$

(c) $1 \text{ N} = 1 \text{ kg s}^2\text{/m}$

(d) $1 \text{ N} = 1 \text{ kg m s}^2$

105. पृथ्वी की सतह पर अथवा उसके निकट वस्तुओं के लिए गुरुत्वीय त्वरण 'g', सार्वत्रिक गुरुत्वीय स्थिरांक 'G' से किस प्रकार सम्बन्धित है ('M' पृथ्वी का द्रव्यमान और 'R' इसकी त्रिज्या है) ?

(a) $G = g\dfrac{M}{R^2}$

(b) $g = G\dfrac{M}{R^2}$

(c) $M = \dfrac{gG}{R^2}$

(d) $R = \dfrac{gG}{M^2}$

106. सूची I को सूची II से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए:

| **सूची I** *(निम्न अक्षांश जलवायु)* | **सूची II** *(अभिलक्षण)* |
|---|---|
| A. आर्द्र विषुवतीय | 1. एकसमान तापमान, माध्य लगभग 27 °C |
| B. मानसून और व्यापारिक पवन तटीय | 2. सुस्पष्ट तापचक्र और उसके साथ वर्षा ऋतु से पहले अति उच्च तापमान |
| C. आर्द्र-शुष्क उष्ण-कटिबंधीय | 3. तापमान वार्षिक चक्र दिखाता है जिसमें उच्च सूर्य ऋतु में उच्च ताप होता है |
| D. शुष्क उष्णकटिबंधीय | 4. प्रबल तापमान चक्र, और उसके साथ उच्च सूर्य ऋतु के दौरान तीव्र तापमान |

कूट:

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| (b) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (c) | 2 | 4 | 3 | 1 |
| (d) | 1 | 3 | 2 | 4 |

107. सूची I को सूची II से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए:

| **सूची I** *(तत्व)* | **सूची II** *(उपयोग)* |
|---|---|
| A. Li | 1. परमाणु घड़ियों में कालमापी |
| B. Na | 2. बैटरियाँ |
| C. K | 3. स्नायु आवेशों का स्थानांतरण |
| D. Cs | 4. रुधिर में जल अंश का नियंत्रण |

कूट:

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| (b) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (c) | 2 | 4 | 3 | 1 |
| (d) | 1 | 3 | 2 | 4 |



(Contd.)

108. Which one of the following is ***not*** a site of action in human body for the malarial parasite plasmodium?
(a) Liver
(b) Kidney
(c) Red blood cell
(d) Brain

109. The loudness of sound is related to:
(a) its frequency
(b) its amplitude
(c) its speed
(d) its pitch

110. X-rays are electromagnetic radiation whose wavelengths are of the order of:
(a) 1 metre
(b) $10^{-1}$ metre
(c) $10^{-5}$ metre
(d) $10^{-10}$ metre

111. Which one of the following pairs of properties of typical air masses is correct?

| | ***Air Mass*** | | ***Source Region*** |
|---|---|---|---|
| (a) | Maritime Equatorial | : | Warm oceans in the equatorial zone |
| (b) | Maritime Polar | : | Warm oceans in the tropical zone |
| (c) | Continental Tropical | : | Less warm oceans in the tropical zone |
| (d) | Continental Polar | : | Moist oceans in the polar zone |

112. The symbol of the element 'Tungsten' is:
(a) Ta
(b) W
(c) Tl
(d) Tc

113. In Egypt, ancient mummies can be found to have their arteries intact due to well preserved:
(a) mineralized blood
(b) fibroblasts fibre
(c) elastic fibre
(d) brown fat

114. Which one of the following statements is correct?
(a) The image formed by a concave mirror for an object lying at infinity is at the principal focus, highly diminished, real and inverted
(b) A ray of light parallel to the principal axis after reflection from a concave mirror appears to diverge from the principal focus of the mirror
(c) The focal length of a spherical mirror is double of its radius of curvature
(d) A ray of light travelling from a rarer medium to a denser medium bends away from the normal

115. Which one of the following statements is correct?
(a) Rutherford's alpha-particle scattering experiment led to the discovery of electron
(b) J J Thomson suggested that the nucleus of an atom contains protons
(c) The atomic number of an element is the same as the number of protons in the nucleus of its atom
(d) The mass number of an atom is equal to the number of electrons in its shells

116. Which one of the following statements is ***not*** correct?
(a) Application of lime makes the soil acidic
(b) High acidity in soil is typical of humid climate
(c) Increasing soil acidity results in declining soil fertility
(d) Arid climate is characterized by alkaline soil

117. The alkali metals have relatively low melting point. Which one of the following alkali metals is expected to have the highest melting point?
(a) Li
(b) Na
(c) K
(d) Rb

118. Which one of the following is useful in paper manufacturing industry?
(a) Fibrous plants
(b) Orchids
(c) Non-flowering plants
(d) Plants growing in high altitude

119. Which one of the following statements is ***not*** correct?
(a) In steady flow of a liquid, the velocity of liquid particles reaching at a particular point is the same at all points
(b) Steady flow is also called streamlined flow
(c) In steady flow, each particle may not follow the same path as taken by a previous particle passing through that point
(d) Two streamlines cannot intersect each other



(Contd.)

108. निम्नलिखित में कौनसा एक, मानव शरीर में मलेरिया-परजीवी प्लैज्मोडियम के लिए क्रिया का स्थान ***नहीं*** है ?
(a) यकृत
(b) वृक्क
(c) लाल रुधिर कोशिका
(d) मस्तिष्क

109. ध्वनि की प्रबलता किससे संबंधित है ?
(a) इसकी आवृत्ति
(b) इसका आयाम
(c) इसकी चाल
(d) इसका तारत्व

110. X-किरणें विद्युतचुंबकीय विकिरण हैं, जिनकी तरंगदैर्घ्य की कोटि:
(a) 1 मीटर होती है
(b) $10^{-1}$ मीटर होती है
(c) $10^{-5}$ मीटर होती है
(d) $10^{-10}$ मीटर होती है

111. विशिष्ट वायु संहतियों के गुणधर्मों के निम्नलिखित युग्मों में से कौनसा एक सही है ?

| | ***वायु संहति*** | | ***स्रोत क्षेत्र*** |
|---|---|---|---|
| (a) | समुद्री विषुवतीय | : | विषुवतीय जोन में कोष्ण महासागर |
| (b) | समुद्री ध्रुवीय | : | उष्णकटिबंधीय जोन में कोष्ण महासागर |
| (c) | महाद्वीपीय उष्ण-कटिबंधीय | : | उष्णकटिबंधीय जोन में न्यून कोष्ण महासागर |
| (d) | महाद्वीपीय ध्रुवीय | : | ध्रुवीय जोन में नम महासागर |

112. 'टंग्स्टन' तत्व का प्रतीक क्या है ?
(a) Ta
(b) W
(c) Tl
(d) Tc

113. मिस्र में, पुरातन ममियों में धमनियाँ किसके उचित परिरक्षण के कारण अक्षुण्ण पायी जाती हैं ?
(a) खनिजीभूत रुधिर
(b) तंतुकोरक तंतु
(c) प्रत्यास्थ तंतु
(d) ब्राउन फैट

114. निम्नलिखित कथनों में कौनसा एक सही है ?
(a) अनन्त पर स्थित किसी वस्तु का अवतल दर्पण द्वारा बना प्रतिबिम्ब मुख्य फोकस पर होता है और अत्यन्त ह्रासित, वास्तविक और व्युत्क्रमित होता है
(b) अवतल दर्पण से परावर्तन के पश्चात् मुख्य अक्ष के समांतर प्रकाश की किरण, दर्पण के मुख्य फोकस से अपसारित होती प्रतीत होती है
(c) किसी गोलीय दर्पण की फोकस दूरी इसकी वक्रता त्रिज्या की दोगुनी होती है
(d) किसी विरल माध्यम से सघन माध्यम में गमन करती हुई प्रकाश की किरण अभिलम्ब से दूर मुड़ती है

115. निम्नलिखित कथनों में कौनसा एक सही है ?
(a) रदरफोर्ड के अल्फा-कण प्रकीर्णन प्रयोग के परिणामस्वरूप इलेक्ट्रॉन की खोज हुई
(b) जे जे टॉमसन ने प्रस्तावित किया था कि परमाणु के नाभिक में प्रोटॉन होते हैं
(c) किसी तत्व की परमाणु संख्या वही होती है जो उसके परमाणु के नाभिक में प्रोटॉनों की संख्या है
(d) किसी परमाणु की द्रव्यमान संख्या इसके कोशों में इलेक्ट्रॉनों की संख्या के बराबर होती है

116. निम्नलिखित कथनों में से कौनसा एक, सही ***नहीं*** है ?
(a) चूना के अनुप्रयोग से मृदा अम्लीय हो जाती है
(b) मृदा की उच्च अम्लता आर्द्र जलवायु का प्रारूपिक लक्षण है
(c) मृदा में अम्लता बढ़ते जाने के परिणामस्वरूप मृदा की उर्वरता कम होती जाती है
(d) क्षारीय मृदा शुष्क जलवायु की विशेषता है

117. क्षार धातुओं का गलनांक अपेक्षाकृत कम होता है। निम्नलिखित क्षार धातुओं में किसका गलनांक अधिकतम होना अपेक्षित है ?
(a) Li
(b) Na
(c) K
(d) Rb

118. निम्नलिखित में से कौन एक, कागज विनिर्माण उद्योग में उपयोगी होता है ?
(a) रेशेदार पादप
(b) आर्किड
(c) अपुष्पी पादप
(d) उच्च तुंगता में उगने वाले पादप

119. निम्नलिखित कथनों में से कौन एक सही ***नहीं*** है ?
(a) किसी द्रव के अपरिवर्ती प्रवाह में, किसी विशिष्ट बिंदु पर पहुँचने वाले द्रव कणों का वेग सभी बिंदुओं पर समान होता है
(b) अपरिवर्ती प्रवाह धारारेखी प्रवाह भी कहलाता है
(c) अपरिवर्ती प्रवाह में, प्रत्येक कण उस बिन्दु से होकर गुजरने वाले पूर्ववर्ती कण द्वारा लिए गए मार्ग का अनुसरण नहीं भी कर सकता है
(d) दो धारारेखाएं एक दूसरे को नहीं काट सकती हैं



(Contd.)

120. According to the Geo-scientists, the shape of the earth is:
1. round
2. spherical
3. close to that of a sphere
4. an oblate ellipsoid

Select the correct answer using the code given below:
(a) 2, 3 and 4
(b) 1, 2 and 3
(c) 1 and 2 only
(d) 3 and 4 only

121. The word 'Secular' was inserted into the Constitution of India by:
(a) 44th Amendment Act
(b) 52nd Amendment Act
(c) 42nd Amendment Act
(d) 34th Amendment Act

122. Which one of the following is ***not*** correct in the context of balance of payments of India during 2013-2014?
(a) India's exports were less than its imports
(b) Trade balance was negative
(c) Net invisibles were positive
(d) Capital account balance was negative

123. Which one of the following continents accounts for the maximum share in exports from India?
(a) Asia
(b) Europe
(c) Africa
(d) North America

124. The two provisions of the Constitution of India that most clearly express the power of judicial review are:
(a) Article 21 and Article 446
(b) Article 32 and Article 226
(c) Article 44 and Article 152
(d) Article 17 and Article 143

125. Which one of the following statements about Subsidiary Alliance devised by Lord Wellesley in the year 1798 is ***not*** correct?
(a) The territories entering into a subsidiary alliance with the British were responsible for their own internal and external protection
(b) In the territory of the ally, a British armed contingent would be stationed
(c) The ally would have to provide the resources for maintaining the British contingent in the territory
(d) The permission of the British was needed for the ally to enter into agreements with other rulers

126. Who among the following was associated with the Mughal Court as a physician to Prince Dara Shukoh?
(a) Hakim Afzal Khan
(b) Ibn Battuta
(c) Francois Bernier
(d) Duarte Barbosa

127. During the Eleventh Five Year Plan (FYP), agriculture sector in India witnessed a growth rate of 3.3 per cent per annum which is higher than 2.4 per cent per annum in the previous FYP. This is largely due to better performance of:
(a) Crops and Livestock
(b) Oilseeds and Fibres
(c) Fishing and Oilseeds
(d) Fibres and Fishing

128. An emergency under Article 352 of the Constitution of India can be declared only during:
(a) War, external aggression or internal disturbance.
(b) War, external aggression or armed rebellion.
(c) Failure of Constitutional Machinery in the State.
(d) Financial instability in the country.

129. Which of the following statements about the Livestock sector in India is/are correct ?
1. Livestock contributed about 25 per cent of gross value added in agriculture
2. It provides self employment to a large segment of population
3. Rapid growth of livestock sector can be egalitarian and inclusive

Select the correct answer using the code given below:
(a) 3 only
(b) 1 and 2 only
(c) 2 and 3 only
(d) 1, 2 and 3



(Contd.)

120. भू-वैज्ञानिकों के अनुसार, पृथ्वी का आकार:
1. वर्तुल है
2. गोलाकार है
3. गोलाकार के निकट है
4. एक लघ्वक्ष दीर्घवृत्तज है

नीचे दिये गये कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

(a) 2, 3 और 4
(b) 1, 2 और 3
(c) केवल 1 और 2
(d) केवल 3 और 4

121. 'पंथनिरपेक्ष' शब्द भारत के संविधान में किस संशोधन अधिनियम द्वारा अंत:स्थापित किया गया था ?

(a) 44वां संशोधन अधिनियम
(b) 52वां संशोधन अधिनियम
(c) 42वां संशोधन अधिनियम
(d) 34वां संशोधन अधिनियम

122. निम्नलिखित में से कौनसा एक, 2013-2014 के दौरान भारत के भुगतान-संतुलन के संदर्भ में सही ***नहीं*** है ?

(a) भारत के निर्यात उसके आयात से कम थे
(b) व्यापार संतुलन ऋणात्मक था
(c) निवल अदृश्य धनात्मक थे
(d) पूंजी लेखा संतुलन ऋणात्मक था

123. निम्नलिखित में से किस महाद्वीप का हिस्सा भारत से होने वाले निर्यात में अधिकतम है ?

(a) एशिया
(b) यूरोप
(c) अफ्रीका
(d) उत्तरी अमरीका

124. भारत के संविधान के दो उपबंध जो सर्वाधिक स्पष्ट रूप से न्यायिक पुनर्विलोकन की शक्ति को व्यक्त करते हैं, कौनसे हैं ?

(a) अनुच्छेद 21 तथा अनुच्छेद 446
(b) अनुच्छेद 32 तथा अनुच्छेद 226
(c) अनुच्छेद 44 तथा अनुच्छेद 152
(d) अनुच्छेद 17 तथा अनुच्छेद 143

125. वर्ष 1798 में लॉर्ड वेलेजली द्वारा अभिकल्पित सहायक मैत्री के बारे में निम्नलिखित कथनों में से कौनसा एक सही ***नहीं*** है ?

(a) ब्रिटिश सत्ता के साथ सहायक मैत्री करने वाले राज्यक्षेत्र अपने आंतरिक तथा बाह्य संरक्षण के लिये ज़िम्मेवार थे
(b) मित्रराज्य के राज्यक्षेत्र में, एक ब्रिटिश सशस्त्र सैन्यदल तैनात किया जाना था
(c) मित्रराज्य द्वारा अपने राज्यक्षेत्र में ब्रिटिश सैन्यदल के अनुरक्षण के लिये संसाधन उपलब्ध कराया जाना था
(d) मित्रराज्य को अन्य शासकों के साथ समझौता करने के लिये ब्रिटिश सत्ता की अनुमति चाहिये थी

126. निम्नलिखित में से कौन, मुगल दरबार के साथ राजकुमार दारा शिकोह के चिकित्सक के रूप में जुड़ा था ?

(a) हकीम अफ़ज़ल ख़ान
(b) इब्न बतूता
(c) फ्रांस्वा बर्नियर
(d) द्वार्त बारबोसा

127. ग्यारहवीं पंचवर्षीय योजना (FYP) के दौरान, भारत में कृषि क्षेत्र में 3.3 प्रतिशत प्रति वर्ष की वृद्धि दर हुई है, जो कि पिछले FYP के 2.4 प्रतिशत से अधिक है। यह अधिकांशत: किसके/किनके बेहतर निष्पादन की वजह से है ?

(a) फसलें और पशुधन
(b) तिलहन और रेशे
(c) मत्स्यग्रहण और तिलहन
(d) रेशे और मत्स्यग्रहण

128. भारत के संविधान के अनुच्छेद 352 के अधीन आपात की घोषणा केवल किसके दौरान हो सकती है ?

(a) युद्ध, बाह्य आक्रमण या आंतरिक अशांति
(b) युद्ध, बाह्य आक्रमण या सशस्त्र विद्रोह
(c) राज्यों में सांविधानिक तंत्र की विफलता
(d) देश में वित्तीय अस्थिरता

129. निम्नलिखित कथनों में से कौनसा/से भारत में पशुधन क्षेत्र के बारे में सही है/हैं ?

1. कृषि में संकलित सकल मूल्य का लगभग 25 प्रतिशत योगदान पशुधन ने दिया है
2. यह जनसंख्या के एक बड़े भाग को स्व-रोजगार उपलब्ध कराता है
3. पशुधन क्षेत्र में तीव्र वृद्धि समतावादी तथा समावेशी हो सकती है

नीचे दिये गये कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

(a) केवल 3
(b) केवल 1 और 2
(c) केवल 2 और 3
(d) 1, 2 और 3



(Contd.)

130. Which one of the following statements about Khilafat Movement is ***not*** correct?

(a) The Khilafat Movement demanded that the Khalifa must retain control over Muslim holy places

(b) The radical trend in the Khilafat Movement was represented by younger leaders like Muhammad Ali, Shaukat Ali, and Maulana Azad

(c) Indian Muslim leaders used Khilafat as a symbol that could unite the Indian Muslim community

(d) The Delhi conference of the Central Khilafat Committee in 1920 decided to launch a massive Non-Cooperation Movement

131. Which one of the following is ***not*** correct in the current Indian scenario?

(a) Life expectancy is on the increase and is about 67 years as of now

(b) Infant mortality rate is on the decline and has reached 47 per thousand

(c) Maternal mortality rate (MMR) is on the rise due to lack of medical facilities

(d) Percentage of women giving birth in health institutions is on the rise

132. The Fourth Schedule to the Constitution of India deals with:

(a) provisions related to the administration of tribal areas.

(b) allocation of seats in the Council of States.

(c) the Union List, the State List and the Concurrent List.

(d) recognized languages of the Union of India.

133. The British Officer who was a representative of the Governor General and who lived in a State which was not under direct British rule was called:

(a) Collector

(b) Viceroy

(c) Resident

(d) Agent

134. Which of the following features of the Permanent Settlement of 1793 is / are correct?

1. The Permanent Settlement vested Land ownership rights in the peasants
2. The Permanent Settlement vested land ownership rights in the Zamindars
3. The Zamindars had to pay a fixed amount of rent by a particular date
4. The Zamindars benefited hugely from the Permanent Settlement while the peasants suffered

Select the correct answer using the code given below:

(a) 1 only

(b) 2 and 3 only

(c) 4

(d) 1, 2 and 3

135. The Vijayanagara Empire received its death blow at the battle of:

(a) Talikota in 1565

(b) Panipat in 1661

(c) Talikota in 1665

(d) Raichur in 1510

136. The 'Basic Structure Doctrine' was enunciated by the Supreme Court during the:

(a) Golak Nath case

(b) Maneka Gandhi case

(c) Kesavananda Bharati case

(d) S R Bommai case

137. Consider the following statements about the travellers who visited India:

1. Abdur Razzaq Samarqandi from Herat visited Delhi and Daulatabad.
2. Ibn Battuta provides detailed accounts of both Delhi and Daulatabad.
3. According to Francois Bernier there was no private property in land in Mughal India.

Which of the statements given above is/are correct?

(a) 1 only

(b) 1, 2 and 3

(c) 1 and 3 only

(d) 2 and 3 only



(Contd.)

130. ख़िलाफ़त आंदोलन के बारे में निम्नलिखित में से कौनसा एक कथन सही ***नहीं*** है ?

(a) ख़िलाफ़त आंदोलन की मांग थी कि ख़लीफ़ा का नियंत्रण अवश्य ही मुसलमानों के पवित्र स्थलों पर बना रहे

(b) ख़िलाफ़त आंदोलन में उग्र प्रवृत्ति का प्रतिनिधित्व मुहम्मद अली, शौकत अली तथा मौलाना आज़ाद जैसे युवा नेताओं द्वारा हुआ

(c) भारतीय मुसलमान नेताओं ने ख़िलाफ़त का एक प्रतीक के रूप में प्रयोग किया है जिससे भारतीय मुसलमान समुदाय को संगठित किया जा सके

(d) 1920 में केन्द्रीय ख़िलाफ़त समिति के दिल्ली सम्मेलन ने एक विशाल असहयोग आंदोलन को शुरू करने का निर्णय लिया

131. वर्तमान भारतीय परिदृश्य में निम्नलिखित में से कौनसा एक सही ***नहीं*** है ?

(a) आयु संभाविता बढ़ रही है तथा आज यह लगभग 67 वर्ष है

(b) शिशु मृत्युदर घट रही है तथा 47 प्रति हजार पहुँच गयी है

(c) मातृ मृत्युदर (MMR) चिकित्सा सुविधाओं के अभाव की वजह से बढ़ रही है

(d) स्वास्थ्य संस्थानों में जन्म देने वाली महिलाओं का प्रतिशत बढ़ रहा है

132. भारत के संविधान की चौथी अनुसूची किससे संबंध रखती है ?

(a) जनजातीय क्षेत्रों के प्रशासन से संबंधित उपबंध

(b) राज्यसभा में सीटों का आबंटन

(c) संघ सूची, राज्य सूची एवं समवर्ती सूची

(d) भारत के संघ की मान्यताप्राप्त भाषाएं

133. गवर्नर जनरल का प्रतिनिधि ब्रिटिश अधिकारी जो ऐसे राज्य में रहता था जो कि प्रत्यक्ष ब्रिटिश शासन के अधीन नहीं था, क्या कहलाता था ?

(a) कलक्टर

(b) वाइसराय

(c) रेज़िडेन्ट

(d) एजेन्ट

134. 1793 के चिर स्थायी बंदोबस्त के निम्नलिखित लक्षणों में से कौनसा/से सही है/हैं ?

1. चिरस्थायी बंदोबस्त ने भूस्वामित्व अधिकार कृषकों में निहित किया
2. चिरस्थायी बंदोबस्त ने भूस्वामित्व अधिकार ज़मींदारों में निहित किया
3. ज़मींदारों को एक विशिष्ट तिथि तक लगान की एक निर्धारित रकम जमा करनी होती थी
4. चिरस्थायी बंदोबस्त से जमींदारों को काफ़ी लाभ हुआ जबकि कृषकों को नुकसान हुआ

नीचे दिये गये कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

(a) केवल 1

(b) केवल 2 और 3

(c) 4

(d) 1, 2 और 3

135. विजयनगर साम्राज्य पर सांघातिक प्रहार किस युद्ध में हुआ ?

(a) तालिकोटा में 1565 में

(b) पानीपत में 1661 में

(c) तालिकोटा में 1665 में

(d) रायचूर में 1510 में

136. 'आधारभूत स्वरूप सिद्धांत' (बेसिक स्ट्रक्चर डॉक्ट्रिन) उच्चतम न्यायालय द्वारा किस मामले के दौरान निरूपित किया गया ?

(a) गोलक नाथ मामला

(b) मेनका गाँधी मामला

(c) केशवानन्द भारती मामला

(d) एस.आर. बोम्मई मामला

137. भारत भ्रमण पर आये यात्रियों के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये :

1. हेरात के अब्दुर्रज़्ज़ाक समरकंदी ने दिल्ली तथा दौलताबाद का भ्रमण किया
2. इब्न बतूता दिल्ली तथा दौलताबाद दोनों का विस्तृत लेखा उपलब्ध कराता है
3. फ्रांस्वा बर्नियर के अनुसार, मुगल भारत में भूमि में कोई निजी संपत्ति नहीं थी

उपर्युक्त कथनों में से कौनसा/से सही है/हैं ?

(a) केवल 1

(b) 1, 2 और 3

(c) केवल 1 और 3

(d) केवल 2 और 3

138. Which of the following statements about hill stations of colonial India is/are correct?

1. The architecture of hill stations sought to recreate the European style
2. Hill stations were developed as sanitariums where soldiers were treated for illness
3. Shimla became the official residence of the Commander in Chief of the Indian Army
4. In 1864, Shimla had to be evacuated because of a Typhoid epidemic

Select the correct answer using the code given below:

(a) 1 only
(b) 1, 2 and 3
(c) 3 and 4
(d) 2 and 3 only

139. Match List I with List II and select the correct answer using the code given below the Lists:

| **List I** *(Dynasty)* | **List II** *(Architecture)* |
|---|---|
| A. Chalukyas | 1. Sun Temple, Konark |
| B. Hoysalas | 2. Pattadakal Temples |
| C. Pandyas | 3. Kesava Temple, Somnathpur |
| D. Eastern Gangas | 4. Eastern *gopura* of Chidambaram Temple |

***Code:***

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 3 | 2 | 4 |
| (b) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (c) | 2 | 4 | 3 | 1 |
| (d) | 2 | 3 | 4 | 1 |

140. The Senia tradition is:

(a) musical tradition that emerged from the colonial army (Sena)
(b) dance drama written by Keshab Chandra Sen
(c) textile tradition of eastern UP
(d) musical tradition that invoked the name of Tansen, the celebrated musician of Akbar's Court

141. Who among the following founded the Rajahmundri Social Reform Association in 1878 in support of widow remarriage?

(a) Vishanshastri Pandit
(b) Ishwar Chandra Vidyasagar
(c) Pandita Ramabai
(d) Veeresalingam Pantulu

142. The SAARC Secretariat is located at:

(a) New Delhi
(b) Colombo
(c) Kathmandu
(d) Karachi

143. The 19th Century Faraizi Movement in eastern Bengal developed under the leadership of:

(a) Titu Rai
(b) Haji Shariatullah
(c) Shah Sayyid Ahmad
(d) Dudu Miyan

144. The Indian States Committee was formed in 1928 under:

(a) The Raja of Junagadh
(b) Ian Copland
(c) Sir Harcourt Butler
(d) Motilal Nehru



(Contd.)

138. औपनिवेशिक भारत के पर्वतीय स्थानों के बारे में निम्नलिखित कथनों में से कौनसा/से सही है/हैं ?

1. पर्वतीय स्थानों की वास्तुकला ने यूरोपीय शैली को पुन:निर्मित करने का प्रयास किया
2. पर्वतीय स्थानों को आरोग्यघरों के रूप में विकसित किया गया जहाँ सैनिकों की बीमारी का इलाज होता था
3. भारतीय सेना के कमांडर इन चीफ़ का सरकारी आवास शिमला बना
4. 1864 में शिमला को टाइफ़ाइड महामारी की वजह से खाली करवाना पड़ा

नीचे दिये गये कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए:

(a) केवल 1
(b) 1, 2 और 3
(c) 3 और 4
(d) केवल 2 और 3

139. सूची I को सूची II से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए:

| सूची I *(राजवंश)* | सूची II *(वास्तुकला)* |
|---|---|
| A. चालुक्य | 1. सूर्य मंदिर, कोणार्क |
| B. होयसल | 2. पट्टडकल मंदिर |
| C. पांड्य | 3. केशव मंदिर, सोमनाथपुर |
| D. पूर्वी गंग | 4. चिदंबरम मंदिर का पूर्वी *गोपुर* |

कूट:

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 3 | 2 | 4 |
| (b) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (c) | 2 | 4 | 3 | 1 |
| (d) | 2 | 3 | 4 | 1 |

140. सेनिया परम्परा क्या है ?

(a) औपनिवेशिक सेना से निकली संगीत परम्परा
(b) केशब चन्द्र सेन द्वारा लिखित नृत्य नाटिका
(c) पूर्वी यू.पी. की एक वस्त्र परम्परा
(d) अकबर के दरबार के प्रख्यात संगीतज्ञ तानसेन के नाम से जानी जाने वाली संगीत परम्परा

141. विधवा पुनर्विवाह के समर्थन में 1878 में निम्नलिखित में से किसने राजमुंदरी सोशल रिफ़ार्म एसोसिएशन की स्थापना की ?

(a) विशनशास्त्री पंडित
(b) ईश्वर चन्द्र विद्यासागर
(c) पंडिता रमाबाई
(d) वीरेशलिंगम् पतुलु

142. SAARC सचिवालय कहाँ स्थित है ?

(a) नई दिल्ली
(b) कोलम्बो
(c) काठमांडू
(d) कराची

143. 19वीं शताब्दी का पूर्वी बंगाल का फ़राइज़ी आंदोलन किसके नेतृत्व में विकसित हुआ ?

(a) टीटू राय
(b) हाजी शरियतुल्ला
(c) शाह सैयद अहमद
(d) दूदू मियां

144. भारतीय राज्य समिति का 1928 में गठन किसके अधीन हुआ था ?

(a) जूनागढ़ का राजा
(b) इयान कॉपलैंड
(c) सर हारकोर्ट बटलर
(d) मोतीलाल नेहरू

145. The Panchayati Raj system under Part-IX of the Constitution of India does ***not*** apply to the States of:

(a) Assam, Mizoram and Nagaland

(b) Nagaland, Meghalaya and Tripura

(c) Nagaland, Meghalaya and Mizoram

(d) Sikkim, Tripura and Meghalaya

146. The First Five Year Plan (1951—1956) was drafted by:

(a) P C Mahalanobis

(b) K N Raj

(c) J C Kumarappa

(d) Jawaharlal Nehru

147. Who among the following is the author of the book, "Pakistan Paradox: Instability and Resilience"?

(a) Christophe Jaffrelot

(b) G Parthasarthy

(c) Imran Khan

(d) Mamnoon Hussain

148. Which one of the following was the theme of the "International Day of United Nations Peacekeepers" for the year 2015?

(a) Peacekeeping is a Global Partnership

(b) UN 70 and UN Peacekeeping: Past, Present, and Future

(c) Women in Peacekeeping

(d) A Force for the Future

149. Indian athlete Vikas Gowda is associated with:

(a) Wrestling

(b) Sprint

(c) Discus throw

(d) Archery

150. The 19th Federation Cup National Senior Athletic Championships (2015) was held in:

(a) Karnataka

(b) Haryana

(c) Uttar Pradesh

(d) Kerala

145. भारत के संविधान के नवें भाग के अधीन पंचायती राज व्यवस्था किन राज्यों को लागू ***नहीं*** होती ?

(a) असम, मिजोरम तथा नागालैंड

(b) नागालैंड, मेघालय तथा त्रिपुरा

(c) नागालैंड, मेघालय तथा मिजोरम

(d) सिक्किम, त्रिपुरा तथा मेघालय

146. पहली पंचवर्षीय योजना (1951—1956) का प्रारूप किसने तैयार किया था ?

(a) पी.सी. महालनबीस

(b) के.एन. राज

(c) जे.सी. कुमारप्पा

(d) जवाहरलाल नेहरू

147. निम्नलिखित में से कौन, "पाकिस्तान पैराडाक्स : इनस्टेबिलिटी एण्ड रिज़िलिअन्स" नामक पुस्तक का लेखक है ?

(a) क्रिस्टोफी जैफ्रीलो

(b) जी. पार्थसारथी

(c) इमरान खान

(d) ममनून हुसैन

148. वर्ष 2015 के "संयुक्त राष्ट्र शांति रक्षकों के अंतर्राष्ट्रीय दिवस" की विषय-वस्तु निम्नलिखित में से कौनसी एक थी ?

(a) शांतिरक्षण एक सार्वभौमिक साझेदारी है

(b) UN 70 तथा UN शांतिरक्षण : भूत, वर्तमान, एवं भविष्य

(c) शांतिरक्षण में महिलाएं

(d) भविष्य के लिये एक बल

149. भारतीय खिलाड़ी विकास गौड़ा किससे जुड़े हुए हैं ?

(a) कुश्ती

(b) तेज दौड़ (स्प्रिन्ट)

(c) चक्र फेंकना (डिस्कस थ्रो)

(d) तीरंदाजी

150. 19वीं फेडरेशन कप नेशनल सीनियर एथलेटिक चैंपियनशिप (2015) कहाँ हुई थी ?

(a) कर्नाटक

(b) हरियाणा

(c) उत्तरप्रदेश

(d) केरल

## SPACE FOR ROUGH WORK
## कच्चे कार्य के लिये

## SPACE FOR ROUGH WORK
## कच्चे कार्य के लिये

*जब तक आपको यह परीक्षण पुस्तिका खोलने को न कहा जाए तब तक न खोलें*

टी.बी.सी. : **B–QGC–O–JBU**

परीक्षण पुस्तिका अनुक्रम

क्रम सं.

**A**

# परीक्षण पुस्तिका

## सामान्य योग्यता परीक्षण

*समय : दो घण्टे और तीस मिनट*

*पूर्णांक : 600*

### अनुदेश

1. **परीक्षा प्रारम्भ होने के तुरन्त बाद, आप इस परीक्षण पुस्तिका की पड़ताल अवश्य कर लें कि इसमें कोई बिना छपा, फटा या छूटा हुआ पृष्ठ अथवा प्रश्नांश आदि न हो। यदि ऐसा है, तो इसे सही परीक्षण पुस्तिका से बदल लीजिए।**
2. **कृपया ध्यान रखें कि OMR उत्तर-पत्रक में, उचित स्थान पर, रोल नम्बर और परीक्षण पुस्तिका अनुक्रम (सीरीज) A, B, C या D को, ध्यान से एवं बिना किसी चूक या विसंगति के भरने और कूटबद्ध करने की जिम्मेदारी उम्मीदवार की है। किसी भी प्रकार की चूक/विसंगति की स्थिति में उत्तर-पत्रक निरस्त कर दिया जायेगा।**
3. इस परीक्षण पुस्तिका पर साथ में दिए गए कोष्ठक में आपको अपना अनुक्रमांक लिखना है। परीक्षण पुस्तिका पर ***और कुछ न*** लिखें।
4. इस परीक्षण पुस्तिका में **150** प्रश्नांश (प्रश्न) दो भागों में दिए गए हैं : **भाग-A और भाग-B**। **भाग-B में प्रत्येक प्रश्नांश हिन्दी और अंग्रेजी दोनों में छपा है।** प्रत्येक प्रश्नांश में तीन/चार प्रत्युत्तर (उत्तर) दिए गए हैं। इनमें से एक प्रत्युत्तर को चुन लें, जिसे आप उत्तर-पत्रक पर अंकित करना चाहते हैं। यदि आपको ऐसा लगे कि एक से अधिक प्रत्युत्तर सही हैं, तो उस प्रत्युत्तर को अंकित करें जो आपको सर्वोत्तम लगे। प्रत्येक प्रश्नांश के लिए ***केवल एक ही*** प्रत्युत्तर चुनना है।
5. आपको अपने सभी प्रत्युत्तर अलग से दिए गए उत्तर-पत्रक पर ***ही*** अंकित करने हैं। उत्तर-पत्रक में दिए गए निर्देश देखिए।
6. सभी प्रश्नांशों के अंक समान हैं।
7. इससे पहले कि आप परीक्षण पुस्तिका के विभिन्न प्रश्नांशों के प्रत्युत्तर उत्तर-पत्रक पर अंकित करना शुरू करें, आपको प्रवेश प्रमाण-पत्र के साथ प्रेषित अनुदेशों के अनुसार कुछ विवरण उत्तर-पत्रक में देने हैं।
8. आप अपने सभी प्रत्युत्तरों को उत्तर-पत्रक में भरने के बाद तथा परीक्षा के समापन पर ***केवल उत्तर-पत्रक*** अधीक्षक को सौंप दें। आपको अपने साथ परीक्षण पुस्तिका ले जाने की अनुमति है।
9. कच्चे काम के लिए पत्रक परीक्षण पुस्तिका के अन्त में संलग्न हैं।
10. **गलत उत्तरों के लिए दण्ड :**

    **वस्तुनिष्ठ प्रश्न-पत्रों में उम्मीदवार द्वारा दिए गए गलत उत्तरों के लिए दण्ड दिया जाएगा।**

    (i) प्रत्येक प्रश्न के लिए तीन/चार वैकल्पिक उत्तर **हैं**। उम्मीदवार द्वारा प्रत्येक प्रश्न के लिए दिए गए एक गलत उत्तर के लिए प्रश्न हेतु नियत किए गए अंकों का **एक-तिहाई** दण्ड के रूप में काटा जायेगा।

    (ii) यदि कोई उम्मीदवार एक से अधिक उत्तर देता है, तो इसे **गलत उत्तर** माना जाएगा, यद्यपि दिए गए उत्तरों में से एक उत्तर सही होता है, फिर भी उस प्रश्न के लिए उपर्युक्तानुसार ही उसी तरह का दण्ड दिया जाएगा।

    (iii) यदि उम्मीदवार द्वारा कोई प्रश्न हल नहीं किया जाता है, अर्थात् उम्मीदवार द्वारा उत्तर नहीं दिया जाता है, तो उस प्रश्न के लिए **कोई दण्ड नहीं** दिया जाएगा।

*जब तक आपको यह परीक्षण पुस्तिका खोलने को न कहा जाए तब तक न खोलें*

**Note :** English version of the instructions is printed on the front cover of this Booklet.